**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**14.05.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–कांग्रेस की झूठी गारंटियों से लोगों में भारी आक्रोश।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कांग्रेस सरकार बिना मांगे हर वर्ग के लोगों के लिए लागू कर रही है कल्याण योजनाएं।
- लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 27 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन।

- प्रदेश हाईकोर्ट के नगर निगम शिमला को शहर में बिना अनुमति लगाए गए फ्लैक्स बैनर और विज्ञापन तुरंत हटाने के आदेश।

**समाचार विस्तार से..............**

**अनुराग ठाकुर**

वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा प्रदेश में लोकसभा चुनाव में जीत का चौका और विधानसभा उप–चुनाव में जीत का छक्का लगाएगी। धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में आज एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों से जनता में भारी आक्रोश है और वे एक जून को कमल का बटन दबाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के झूठे वादों से खुद को ठगा महसूस कर रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर निशाना साधा और कहा कि सुक्खू की फिल्म में लोगों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और ये फिल्म इंटरवल में ही ढेर हो गई। उन्होनें कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ऐसी पहली सरकार है जिसने जनता के विश्वास के साथ–साथ अपने विधायकों का विश्वास भी खो दिया। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि एससी–एसटी–ओबीसी के आरक्षण पर कांग्रेस की बुरी नजर है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा लोगों में आरक्षण को लेकर भय और भ्रम फैला रहे हैं।

**अनुराग ठाकुर–2**

उन्होंने कहा कि वास्तव में कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में एसी–एसटी और ओबीसी का पांच प्रतिशत आरक्षण छीन कर एक धर्म विशेष के लोगों को दे दिया। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ नहीं है बल्कि

कांग्रेस सरकार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार हर्षमहाजन की जीत से गहरा सदमा लगा है और अब उन्हें सुधीर फोबिया हो गया है। सुधीर शर्मा ने इस मौके पर अपना संकल्प पत्र भी जारी किया।

**सी.एम.**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आम लोगों की सरकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बिना मांगे हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बना कर उन्हें धरातल पर लागू कर रही है। मुख्यमंत्री ने आज धर्मशाला में कांग्रेस प्रत्याशी देविन्द्र सिंह जग्गी के नामांकन दाखिल करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा सरकार पर राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश का खजाना खाली किया और केंद्र से भी पैसा लाने में नाकाम रही। उन्होंने इस दौरान धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा पर भी आरोपों की बौछार की और कहा कि सुधीर शर्मा ने शहरी विकास मंत्री रहते गलत ठंग से जमीनें खरीदी जिसका दस दिन के भीतर खुलासा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बाद में बड़सर में कांग्रेस उम्मीदवार सुभाष डटवालिया के नामांकन के मौके पर आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के आयोग्य करार दिए गए विधायकों से भाजपा कार्यकर्ता भी दुखी हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से पार्टी विचारधार से ऊपर उठ कर कांग्रेस के समर्थन में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने बड़सर के मतदाताओं से सोच समझ कर मतदान की अपील की और कहा कि वह कथित बिकने वाले विधायक को वोट न दें।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज उत्तर प्रदेश के रायबरेली पहुंच कर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व यहां से पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में प्रचार किया। अग्निहोत्री ने आज प्रचार के दौरान कहा कि रायबरेली के साथ गांधी परिवार का दिल का रिश्ता रहा है जिसे राहुल गांधी और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का लक्ष्य विकास को आगे बढ़ाना, रोजगार देना और खुशहाली लाना है। अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार पर पूंजीपतियों को बढ़ावा देने और गरीबों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आज युवाओं को रोजगार देने के मुद्दे पर पूरी तरह खामोश है। उन्होनें आरक्षण को कांग्रेस की देन बताया और कहा कि वह इसे खत्म नहीं होने देगी।

**विक्रमादित्य सिंह**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी व लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव जीतने पर वह इस संसदीय क्षेत्र में लोगों को सभी मूलभूत सविधाएं उपलब्ध करवाएंगे ताकि मंडी संसदीय क्षेत्र को देश का आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाया जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के छतरी, गाड़ागुसैन और थाटा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते

हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में उनका मुकाबला एक ऐसे उम्मीदवार से हो रहा है जिसे न तो इतिहास की जानकारी है और न ही इस क्षेत्र की। उन्होंने कहा कि कंगना रणौत सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान कर चुनाव मैदान में खड़ी है लेकिन इससे मंडी के लोग गुमराह होने वाले नहीं हैं। विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह मजबूत है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

**नामांकन**

प्रदेश में पहली जून को चार लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य आज संपन्न हो गया। नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन आज 27 उम्मीदवारों ने अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। आज लोकसभा के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत और निर्दलीय दिनेश कुमार भाटी, लायकराम नेगी, सुभाष मोहन स्नेही, राखी गुप्ता और सुखराम शामिल हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आज तीन उम्मीदवारों सुमित, सुरेंद्र कुमार और नंद लाल ने नामांकन भरे। शिमला संसदीय क्षेत्र से आज केवल कुंदनलाल कश्यप ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरा। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आज 6 उम्मीदवारों भुवनेश कुमार, जीवन कुमार, देवराज, संजय शर्मा, संजय कुमार राणा और आशीष बुटेल ने अपने–अपने नामांकन दाखिल किए। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह और सुरेश कुमार ने उप–चुनाव के लिए नामांकन भरा। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन के आखिरी दिन आज दो उम्मीदवारों राजेंद्र सिंह वर्मा और शेर सिंह ने अपने नामांकन पत्र भरे।

**नामांकन–2**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आज नामांकन भरने वालों में भाजपा के चैतन्य शर्मा, अमित वशिष्ट और रविन्द्र कुमार ने नामांकन दाखिल किए। बड़सर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सुभाष चंद और निर्दलीय विशाल कुमार ने नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि लोकसभा की चार सीटों के लिए कुल 51 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। 6 विधानसभा उप–चुनावों के लिए तीन महिलाओं सहित 33 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं।

**हाई कोर्ट**

प्रदेश हाई कोर्ट ने नगर निगम शिमला को शहर में बिना अनुमति के लगाए गए फ्लैक्स बैनर और विज्ञापन तुरंत हटाने के आदेश जारी किए हैं। अदालत ने ऐसे बैनर हटाने की कीमत बैनर लगाने वालों से वसूलने के आदेश भी दिए हैं। हाईकोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव को फ्लैक्स बैनर की मोटाई और उन्हें लगाए रखने का कोई समय निर्धारित करने व उन्हें तय सीमा के भीतर हटाने से जुड़े नियम बनाए जाने पर विचार करने के भी आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान

और न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के पश्चात ये आदेश दिए। खंडपीठ ने बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ विकास प्राधिकरण और जेबीआर कम्पनी को केंदूवाला डंपींग साईट से पुराने कचरे को मॉनसून से पहले हटाने के भी आदेश जारी किए। अदालत ने नगर निगम शिमला को भी अवैध रूप से कूड़ा–कचरा फैंकने वाले स्थानों पर चेतावनी वाले साईन बोर्ड लगाने के आदेश भी दिए।

**इंडिया गठबंधन**

इंडिया एलाइंस के हिमाचल के नेताओं ने भाजपा पर लोकपंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। इंडिया एलाइंस में शामिल दलों के नेताओं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, पूर्व विधायक राकेश सिंघा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर और सीपीआईएम ने आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए आज सभी लोकतांत्रिक राजनीतिक दलों ने गठबंधन किया है। रोहित ठाकुर ने कहा कि अभी तक हुए चार चरण के मतदान में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने मौजूदा लोकसभा चुनाव को असाधारण करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र का अतिक्रमण करना चाहती है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने दस साल पहले जो वायदे किए थे उन्हें आज दिन तक पूरा नहीं किया गया है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि देश व प्रदेश में कांग्रेस का ग्राफ तेजी से गिर रहा है। बिंदल ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता लगातार पार्टी छोड़ रहे है क्योंकि कांग्रेस गांधी परिवार की पार्टी बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी कांग्रेस के कद्दावर नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। क्योंकि कांग्रेस पार्टी में ये लोग घुटन महसूस कर रहे हैं। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातियों को विभाजित करने के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता देश वासियों को पाकिस्तान के एटम बम का खौफ दिखा रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा ही देश विरोधी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। बिंदल ने आज मंडी में आयोजित चुनावी सभा को भी संबोधित किया।

**सुरेश कश्यप**

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार कर वोट मांगे। सुरेश कश्यप ने इस दौरान नुक्कड़ चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर झूठ बोलने और लोगों की भावनाओं को भड़काने को आरोप लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि सियासत मुद्दों और तथ्यों से चलती है न की खडियाली आंसू बहाने और झूठ बोलने से। उन्होंने मुख्यमंत्री पर झूठ बोल कर सदन की गरिमा को भंग करने का आरोप भी लगाया।